दिनांक : 16.09.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री कल धार के बदनावर में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का उद्घाटन करेंगे।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा देश का कृषि क्षेत्र 3 दशमलव 7 प्रतिशत की दर से बड़ रहा है। जो विश्व में सर्वाधिक है।
- आयकर रिटर्न भरने की तिथि एक दिन बढ़ी, आज रात 12 बजे तक भर सकेंगे रिटर्न।
- एशिया कप क्रिकेट में कल श्रीलंका ने हांगकांग को 4 विकेट से हराया।

धार- केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर

धार जिले की बदनावर तहसील के ग्राम भैसोला में 17 सितम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आ रहे हैं वे देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी इसी मंच से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने धार जिले के बदनावर तहसील के ग्राम भैंसोला में कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने आकाशवाणी को बताया कि ...

मुख्यमंत्री-धार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धार जिले के भैंसोला में बनने वाला पीएम मित्रा पार्क आधुनिक भारत की औद्योगिक शक्ति का प्रतीक बनेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को इस पार्क का भूमिपूजन करेंगे। लगभग 2000 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला यह पार्क स्पिनिंग से लेकर डिजाइनिंग, प्रोसेसिंग और एक्सपोर्ट तक की सभी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराएगा। यह देश का पहला और सबसे बड़ा पीएम मित्र पार्क होगा, जिसमें कपास से परिधान तक की पूरी वैल्यू चेन विकसित होगी। किसानों को अब कच्चे कपास की बिक्री तक सीमित नहीं रहना पड़ेगा बल्कि उनकी उपज यहीं मूल्य संवर्धन की प्रक्रिया से गुजरकर परिधान बनेगी और वैश्विक बाजार तक पहुंचेगी।

शिवराज-रबी अभियान

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों और वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत तथा सरकार की नीतियों के कारण देश का कृषि क्षेत्र तीन दशमलव सात प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है जो विश्व में सर्वाधिक है। श्री चौहान कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन- रबी अभियान 2025 को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री-सिंहस्थ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ : 2028 के विकास कार्यों के लिए हमें सभी का समर्थन मिल रहा है। विकास के क्रम को बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सबके हितों का ध्यान रखते हुए और सभी से संवाद करते हुए राज्य सरकार लैंड पूलिंग सहित सभी प्रकार के विकास कार्यों के मार्ग पर अग्रसर हो रही है।

सेवा पर्व - स्वच्छता

सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस विशेष श्रृंखला - ‘‘सेवा पर्व‘‘ में, हम आज बात करेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से देश में स्वच्छता की क्ा्रंति लाई है।

एसएससी-सीजीएल परीक्षा

कर्मचारी चयन आयोग ने बड़े पैमाने पर संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा-2025 रद्द किए जाने की सोशल मीडिया में आ रही खबरों पर स्पष्टीकरण दिया है। आयोग ने कहा है कि यह भर्ती परीक्षा पूरे देश में सभी केन्द्रों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रही है।

आयकर रिटर्न

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब रिटर्न आज रात 12 बजे तक भरे जा सकेंगे।

एशिया कप क्रिकेट

एशिया कप क्रिकेट ग्रुप बी के मुकाबले में श्रीलंका ने कल हांगकांग को चार विकेट से हरा दिया। दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में हांगकांग द्वारा निर्धारित 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने सात गेंद शेष रहते ही 6 विकेट पर 153 रन बना कर मैच जीत लिया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने के निर्देश दिए है। रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया जाएगा।
- ग्वालियर में शहर के आधुनिकीकरण एवं सुनियोजित विकास कार्यों की केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में श्री सिंधिया ने निर्देश दिए कि चल रहे विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए।

- खण्डवा में कल से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।
- विदिशा जिले में सेवा पखवाडा अभियान के दौरान कुपोषित बच्चो के उत्तम पोषण हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत पोषण अभियान का क्रियान्वयन 17 सितम्बर से 18 अक्टूबर तक किया जाएगा।
- आगरमालवा जिले में दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए ग्राम पंचायतों-वार्डों में स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन 15 सितंबर से 14 नवंबर तक किया जाएगा।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले आदि सेवा पर्व के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में ग्राम स्तर पर विजन डॉक्यूमेंट 2030 तैयार करने, आदि सेवा केन्द्र चिन्हित करने के निर्देश दिए।
- इंदौर में कल स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन फोरम के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर युवाओं और छात्रों के बीच विमर्श करना था।